

*Ms. Tara Jayant*

*IQAC coordinator*

*Dr. Pooja*
*In charge*
*(Newsletter)*

# NEWS LETTER
## Session 2023-24
## (ODD Semester)
## GOVT. P.G. COLLEGE FOR WOMEN, SEC-14, PKL

### राजकीय महिला कॉलेज में वंदना और लक्षिता बेस्ट एथलीट चुने गए



वुमन कॉलेज में लांप जंप लगाती छात्रा। संवाद

पंचकूला। राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 पंचकूला में दो दिवसीय 16वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी नील कमल उपस्थित रहीं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रिंसिपल डॉ. रिचा सेतिया ने किया। समारोह का आयोजन प्रोफेसर संगीता राठी की देखरेख में हुआ। इसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी नील कमल ने छात्राओं को खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसमें बेस्ट एथलीट का अवार्ड बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा वंदना और बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा लक्षिता को मिला। सौ मीटर में वंदना प्रथम, अनु द्वितीय और पुष्पा तीसरे स्थान पर रहीं।

दो सौ मीटर की रेस में लक्षिता प्रथम, वंदना द्वितीय और निशा तीसरे स्थान पर रहीं। चार सौ मीटर की रेस में लक्षिता ने प्रथम और अनीता ने तीसरा स्थान हासिल किया। लांग जंप में राखी प्रथम, लज्जा द्वितीय और इशा शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निधि ठाकुर ने दौड़ में प्रथम, शिखा ने द्वितीय और चंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में वंदना, सुजाता, लक्षिता और अनीता की टीम ने बाजी मारी। ब्यूरो

### डिस्कस थ्रो में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजु ने मारी बाजी
## राजकीय महिला कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज >> पंचकूला

■ शॉट पुट में लक्षिता बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान पाया

राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 14 पंचकूला में खेल-विभाग द्वारा ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ रिचा सेतिया द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत आज प्रथम दिन जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट की प्रतियोगिताएं करवाई गई। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ तारा, डॉ सत्यनारायण, डॉ राज दलाल, डॉ नवीन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। जैवलिन थ्रो में लज्जा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रथम स्थान पर, ज्योति बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा द्वितीय स्थान पर व अंजु बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



पंचकूला। खेल प्रतियोगिता में भाग लेती खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

डिस्कस थ्रो में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजु ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा लज्जा देवी ने द्वितीय स्थान तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अनीता रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शॉट पुट में लक्षिता बी. कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा ने प्रथम स्थान, बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा ईशा शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा पुष्पा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### नेशनल गेम्स में प्रतीक्षा ने जीता रजत पदक

पंचकूला। शहर के सेक्टर-14 स्थित राजकीय महिला कॉलेज की खिलाड़ी प्रतीक्षा शर्मा गोवा में आयोजित नेशनल गेम्स में रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता 25 अक्तूबर से 9 नवंबर तक आयोजित की गई। प्रतीक्षा बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा है। प्रतीक्षा ने बताया कि उसने नेशनल गेम्स के स्क्वे मार्शल आर्ट में भाग लिया। प्रतीक्षा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उसने रजत पदक जीता। ब्यूरो

# Tana-Bana (31.10.23)

मूल्यों को स्थापित करने के लिए संकल्पित किया। संवाद

जानकारी के अनुसार पंचकूला नगर निगम के अंतर्गत 102750 प्रॉपर्टी आती हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह प्रॉपर्टी टैक्स एकत्रित करने के लिए लोगों को

सेंट टैरेसा पब्लिक स्कूल सेक्टर 25 आदि शामिल हैं।

मंदिर कमेटी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। संवाद

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गूंजा कन्या महाविद्यालय

माई सिटी रिपोर्टर

**हरियाणा दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में 'हरियाणा के रंग-संस्कृति के संग' आयोजित**

पंचकूला। हरियाणा लोक संस्कृति उत्थान ट्रस्ट एवं हरियाणा कला परिषद के संयुक्त सौजन्य से राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में 'हरियाणा के रंग-संस्कृति के संग', शीर्षक से हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपायुक्त सुशील सारवान, गृह विभाग के विशेष सचिव महावीर कौशिक, हरियाणा की मशहूर फिल्म चंद्रावल की अभिनेत्री उषा शर्मा, महाराज संपूर्णानंद, पार्षद जय कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ शर्मा अत्री ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना था।

हरियाणा लोक सांस्कृतिक उत्थान ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का हरियाणा की परंपरा के अनुसार सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा के सभी जिलों से राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने भाग लिया।



कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में लगाई गई प्रदर्शनी देखतीं शिक्षिकाएं। संवाद


अमरउजाला क्लासीफाइड विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें- 1800-121-1166


### स्टेडियम और अन्य स्थानों पर की गई सफाई

---

**रोजगार मेला** | उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सेक्टर -14 में आयोजन

# महिला कॉलेज में प्रदर्शनी मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला





राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर -14 मे प्लेसमेंट सेल तथा यूमन सेल द्वारा प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन, डॉ ऋचा सेतिया, डॉ रितु यादव, डॉ मधु, डॉ सुमन भांभू, डॉ अलका शर्मा, डॉ शिवानी कौशिक के मार्गदर्शन तथा आयोजन समिति के सदस्यों डॉ ईशा गोयल, डॉ सुदेश खरब, डॉ भारती चिकारा, सुशिला रानी, चरणजीत कौर, मनी नरवाल, हनी गर्ग के सहयोग से कॉलेज समुदाय की विविध प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया था। आयोजन का श्रेय ज्ञान दर्पण आइ ए अस अकादमी को जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्री मीनाक्षी राज, एच सी एस, एडिशनल डायरेक्टर ऐडमिस्ट्रेशन, शिक्षा विभाग ने रिबन काट कर की। प्राचार्या डॉ ऋचा सेतिया ने बच्चों तथा स्टाफ के प्रयास की सराहना की तथा बच्चों को इस प्रदर्शनी मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मेले में छात्राओ ने रचनात्मकता का एक प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसमें चित्र, मूर्तियां,वस्त्र, मैड़ाला कला, दिये, मेहंदी, नेल- आर्ट और हस्तनिर्मित ज्यूलरी, सजावट के सामान के 22 स्टाल लगाए गए छात्रों ने अपनी परियोजनाओं और उद्यमशीलता उद्यमों को प्रस्तुत किया। पारंपरिक व्यंजनों से विदेशी व्यंजनों तक कुल 18 स्टाल लगाए गए, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की विशेषता थी। विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने भी मेले का भरपूर आनंद लिया। महाविद्यालय सेक्टर -14 में प्रदर्शनी सह मेला एक यादगार और समृद्ध अनुभव था जो कला, संस्कृति और उद्यमिता को दर्शाता है।

---

# गवर्नमैंट गर्ल्स पीजी कालेज में स्वावलंबी युवतियों के लिए शिविर हुआ आयोजित : डा. ओपी सिंह



डा. ओपी सिंह समाजसेवी और स्वावलंबी भारत अभियान से जुड़े शिक्षाविद और उनकी टीम बच्चों को जागरूक करते हुए।

सवेरा न्यूज/ संतोष पंचकूला, 25 अक्तूबर : गवर्नमैंट गर्ल्स पीजी कॉलेज सैक्टर 14 पंचकूला में एक सैमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज में पढ़ रही जरूरतमंद छात्रों को प्लेसमेंट सेल के मुखिया डॉक्टर मधु मलिक द्वारा आमंत्रित किया गया, जो पढ़ाई के साथ साथ का टाइम जॉब में क्या–क्या संभावना हो सकती हैं तथा एसएससी बैंकिंग के निशुल्क परीक्षा की तैयारी के लिए कैसे कौन जरूरतमंद बच्चों के बारे में आयोजित किया गया । आयोजन का श्रेय डा. ओपी सिंह समाजसेवी और स्वावलंबी भारत अभियान से जुड़े शिक्षाविद और उनकी टीम को जाता है । उनकी टीम ने कॉलेज के एक हॉल में इच्छुक बच्चों को संबोधित किया और बताया के यह बच्चे उद्यमिता के साथ कैसे जुड़ सकते हैं। इसके साथ 6 महीने का एक नि शुल्क बैंकिंग और एसएससी एग्जाम की तैयारी के लिए सेक्टर 15 में निशुल्क कोर्स के लिए भी आमंत्रित किया। इस नई पहल जो हरियाणा में कभी नहीं हुई कि 60 से 70 हजार रुपए वाली कोचिंग निशुल्क दी जा रही है। अपनी मर्जी से 90 बच्चों ने इस प्रोग्राम में भाग लिया और सभी ने इस कोर्स को करने की सहमति जताई । कॉलेज प्रिंसिपल ऋचा सेतिया ने इस प्रयास को बहुत सराहा और इस काम को सफल बनाने के लिए डॉक्टर मधु मलिक जो कॉमर्स की प्रध्यापिका भी हैं की जिम्मेदारी दे रखी थी कि वे इस मैसेज को जरूरतमंद लड़कियों तक पहुंचाएं। 20 बच्चों ने ऑफलाइन कोचिंग के लिए हामी भरी और पार्ट टाइम इनकम के लिए लगभग सभी बच्चे तैयार थे। डॉक्टर ओपी सिंह का कहना था कि बहुत सी संस्थाएं उनके साथ जुड़ी हैं जो इन जरूरतमंद बच्चों को अर्न वाइल लर्न स्कीमों से लाभ उठवाएंगे। यह सब गतिविधियां 26 अक्तूबर से शुरू की जाएगी ।